## एक नजर में

### बारिश की झड़ी से भींगा शहर, बरगी बांध के दो और गेट खुले

**जबलपुर।** मानसून के मेहरबान होने से शुक्रवार को बारिश की झड़ी लगी रही। सुबह से शाम तक रूक-रूक कर बारिश का दौर जारी रहा। बारिश की शहर की सड़के तरबतर हो गई। सुबह करीब 8:30 बजे से शाम 5:30 बजे तक 9.4 मिमी बारिश दर्ज हुई। सीजन में बारिश का आंकड़ा 656.7 मिमी तक पहुंच गया। इसके साथ ही मौसम विभाग ने 27 जुलाई तक जबलपुर में भारी बारिश की चेतावनी जारी की है। रानी अवंति बाई लोधी सागर परियोजना बरगी बांध के जल स्तर को नियंत्रित करने शुक्रवार को सुबह 11 बजे इससे वर्षा जल निकासी की मात्रा 10 हजार 595 क्यूसेक से बढ़ाकर 40 हजार 259 क्यूसेक की गई। इसके लिये बांध के आधा-आधा मीटर की औसत ऊंचाई तक खुले पाँच जलद्वारों के स्थान पर 1.21 मीटर की औसत ऊंचाई तक सात जल द्वारों को खोला गया।

### नर्सिंग कॉलेज में फैकल्टी फर्जीवाड़ा आया सामने

**जबलपुर।** हाईकोर्ट में नर्सिंग कॉलेज में फैकल्टी फर्जीवाड़ा सामने आया है। याचिका की सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता तथा सीबीआई की तरफ से फैकल्टी की मार्कशीट अलग- अलग पाई गयी। हाईकोर्ट जस्टिस हाईकोर्ट जस्टिस अतुल श्रीधरन तथा जस्टिस डी के पालीवाल ने मार्कशीट फर्जीवाड़े को गंभीरता से लेते हुए एमपी ऑन-लाइन को मप्र नर्सिंग काउंसलिंग के डाटा को सीज करने के आदेश जारी किये हैं। जिससे डाटा में किसी प्रकार छेड़छाड़ नहीं की जा सके। याचिका पर अगली सुनवाई सोमवार 28 जुलाई को निर्धारित की गयी है। नर्सिंग कॉलेज की मान्यता संबंधित फर्जीवाडे को चुनौती देते हुए लॉ स्टूडेंट एसोसिएशन के अध्यक्ष विशाल बघेल ने हाईकोर्ट में याचिका दायर की थी। याचिका की सुनवाई के दौरान पेश किये गये आवेदन में बताया गया था कि सीबीआई जांच में अनसूटेबल पाये गये कॉलेज में पैरामेडिकल कॉलेज संचालित हो रहे। युगलपीठ ने आवेदन की सुनवाई संज्ञान याचिका के रूप में करने के आदेश जारी किये थे। युगलपीठ ने प्रदेश के पैरामेडिकल कॉलेजों की मान्यता व प्रवेश प्रक्रिया पर रोक लगाते हुए याचिका की सुनवाई नर्सिंग कॉलेज संबंधित याचिका के साथ करने के निर्देश दिये थे। याचिका पर गत दिवस हुई सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता की तरफ से बताया गया था कि सेंधवा नर्सिंग कॉलेज की दो बार जांच करने के बाद उसे सूटेबल करार दिया है। उक्त कॉलेज में कार्य कर रहे फैकल्टी फर्जी है। युगलपीठ ने याचिका की सुनवाई करते हुए सीबीआई को उक्त कॉलेज की जांच रिपोर्ट पेश करने के निर्देश जारी किये थे। इसके अलावा पैरामेडिकल कॉलेज की मान्यता व प्रवेश प्रक्रिया पर रोक बरकरार रखते हुए मान्यता संबंधित आवेदन तथा निरीक्षण रिपोर्ट 24 घंटे में न्यायालय के समक्ष पेश करने के आदेश जारी किये थे। याचिका पर शुक्रवार को हुई सुनवाई के दौरान सीबीआई की तरफ से उक्त कॉलेज में पदस्थ फैकल्टी की मार्कशीट से जांच रिपोर्ट पेश की गयी। सीबीआई की तरफ से बताया गया कि याचिकाकर्ता की तरफ से पेश की गयी मार्कशीट फर्जी है।

**कार्यक्रम** | प्रभारी मंत्री ने दिव्यांगजनों को वितरित किये ट्राईसायकिल एवं सहायक उपकरण

# समाज के हर वर्ग का कल्याण हमारी सरकार का लक्ष्य - सिंह

### सांदीपनी विद्यालय बालाघाट के स्थापना दिवस कार्यक्रम में शामिल हुए प्रभारी मंत्री सिंह



**नवभारत, बालाघाट।** प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार एवं मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व वाली प्रदेश सरकार समाज के हर वर्ग के कल्याण के लिए काम कर रही है। हमारी सरकार का लक्ष्य समाज के हर वर्ग का कल्याण करना है और इसी सोच के अनुरूप योजना बनायी जा रही है। जिनसे हमारा प्रदेश और देश तरक्की की राह पर चल रहा है और तेजी से बदल रहा है। यह बातें मध्यप्रदेश शासन के परिवहन एवं स्कूल शिक्षा मंत्री तथा बालाघाट जिले के प्रभारी मंत्री श्री उदय प्रताप सिंह ने 26 जुलाई को सांदीपनि विद्यालय बालाघाट के स्थापना दिवस कार्यक्रम एवं दिव्यांगजनों को ट्राईसायकिल एवं सहायक उपकरण वितरण कार्यक्रम में उपस्थित जनसमुदाय एवं छात्र छात्राओं को सम्बोधित करते हुए कही।

कार्यक्रम में विधायक श्री गौरव पारधी, श्री राजकुमार करहि, पूर्व मंत्री श्री रामकिशोर कावरे, कलेक्टर श्री मृणाल मीना, पुलिस अधीक्षक श्री आदित्य मिश्रा, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री अभिषेक सराफ, नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती भारती ठाकुर, जनपद उपाध्यक्ष डॉ. शंकर लाल बिसेन, सत्यनारायण अग्रवाल, अपर कलेक्टर श्री जीएस धुर्वे, संयुक्त कलेक्टर श्री राहुल नायक, एसडीएम श्री गोपाल सोनी, जिला शिक्षा अधिकारी अश्विनी उपाध्याय, उपसंचालक कृषि श्री फूलसिंह मालवीय, सांदीपनि विद्यालय के प्राचार्य डॉ. युवराज राहंगडाले एवं अन्य अधिकारी, शिक्षक शिक्षिका उपस्थित थे। इस अवसर पर अतिथियों द्वारा विद्यालय की वार्षिक पुस्तिका नवदीप का विमोचन किया गया। कार्यक्रम में जनपद पंचायत लालबर्रा एवं वारासिवनी के 543 दि०?यांगजन व वृद्धजनों को लगभग 38 लाख रुपये के 1810 सहायक उपकरण वितरित किये गए।

कार्यक्रम के मुख?य अतिथि प्रभारी मंत्री श्री सिंह ने कहा कि आज उन?हें सांदीपनि विद्यालय के स?थापना दिवस, दि०?यांगजनों को सहायक उपकरण वितरण एवं अन?या योजनाओं के हितग्राहियों को हितलाभ वितरण कार्यक्रम में आने का अवसर मिला है। बालाघाट जिले का प्रभारी मंत्री होने के नाते उनके लिए यह पहला अनुभव है, जिसमें उन्हें सांदीपनि विद्यालय में नवाचार के साथ पढ़ने वाले बच्चों से मिलने का सौभाग्य मिला है। उन्होंने दिव्यांगजनों को ट्राईसायकिल एवं सहायक उपकरण मिलने की बधाई देते हुए कहा कि यह एक जनसेवा का अवसर है। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी एवं मुख?यमंत्री डॉ. मोहन यादव की दिव्यांगजनों के कल्याण एवं उन्हें आत्मनिर्भर बनाने की सोच का यह परिणाम है कि आज उन्हें सहायक उपकरण प्रदान किये जा रहे है। इससे दिव्यांगजनों के जीवन में भी खुशहाली आएगी।

प्रभारी मंत्री श्री सिंह ने कहा कि किसी ने कभी सोचा नही था कि मप्र में प्राईवेट स्कूलों की तर्ज पर सर्व सुविधायुक्त स्कूल बनेंगे। लेकिन आज यह सपना नही बल्कि हकीकत बन चुका है। सांदीपनि स्कूल बालाघाट के प्रांगण में इस कार्यक्रम का आयोजन बता रहा है कि मप्र शिक्षा के क्षेत्र में तरक?की कर रहा है और हमारा प्रदेश तेजी से बदल रहा है। यह बदलते भारत की नई तस्वीर है। सांदीपनि स्कूल में बच्चों को बेहतर संसाधन उपलब्ध कराने के साथ ही अच्छे खेल मैदान भी उपलब्ध कराए गए है। इन स्कूलों में सभी तरह के पाठ्यक्रम एवं कुशल प्रशिक्षकों की व्यवस्था की गई है। प्रभारी मंत्री श्री सिंह ने कहा कि प्रदेश सरकार बच्चों को मुफ्त में शिक्षा देने के साथ ही निःशुल्क किताबे, गणवेश, आठवीं तक के बच्चों को मध्यान्ह भोजन, दूर से आने वाले बच्चों को साईकिल, बोर्ड परीक्षा में 75 प्रतिशत से अधिक अंक लाने वालो को लैपटॉप एवं 12वीं कक्षा में टॉपर रहने वाले स्कूल के बच्चों को स्कूटी दी जा रही है।

## झांगुल व गुदमा में सरंपच उपचुनाव का परिणाम घोषित



**नवभारत, परसवाड़ा।** । मध्यप्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा त्रिस्तरीय पंचायतों के उप चुनाव के लिए निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार 22 जुलाई को परसवाड़ा विकासखंड की ग्राम पंचायत झांगुल एवं गुदमा में सरपंच के निर्वाचन के लिए मतदान कराया गया था। जिसका परिणाम शनिवार को सुबह 11.00 बजे घोषित कर दिया गया।

जानकारी देते हुए परसवाड़ा एसडीएम प्रदीप कौरव ने बताया कि जनपद पंचायत परसवाड़ा के अंतर्गत उपचुनाव में दो ग्राम पंचायत झांगुल और ग्राम पंचायत गुदमा के मतों की गणना का प्रारंभ सुबह 8.00 बजे से किया गया था जिसमें मतदान केंद्र झांगुल के मतदान क्रमांक 75 और मतदान केंद्र गुदमा के मतदान केन्द्र 76 के बैलेंस और कंट्रोल यूनिट से मतों की गणना का कार्य किया गया था। ग्राम पंचायत झांगुल मे दो प्रत्याशी केशव प्रसाद मर्सकोले और मधु कमलेश चौरठे मैदान में थे। जिसमें से केशव प्रसाद मर्सकोले को 493 मत प्राप्त होने पर उनको विजयी घोषित किया गया है। वहीं उनके विरोधी मधु कमलेश चौरठे को 326 मत प्राप्त हुए हैं। इसी तरह ग्राम पंचायत गुदमा में दो प्रत्याशी श्रीमती मालती वरकड़े और सुखवंती कुंजाम मैदान में थे जिसमें से श्रीमती मालती वरकड़े को 629 मत प्राप्त होने पर विजयी घोषित किया गया है। ग्राम पंचायत गुदमा में सुखबती कुंजाम को कुल 530 मत प्राप्त हुए हैं। उन्होंने बताया कि ग्राम पंचायत गुदमा के पूर्व सरपंच जिन्हें पंचों द्वारा अविश्वास प्रस्ताव लाकर हटाया गया था उनकी पत्नी श्रीमती मालती वरकड़े के द्वारा उपचुनाव में नामांकन भरा गया था। उन्हे विजयी घोषित किया गया है। उपचुनाव परिणाम घोषित होने के पश्चात विजयी प्रत्याशीयों को प्रमाण पत्र प्रदान कर किया गया है।

## पोषण दिवस पर 423 बच्चों का टीकाकरण

**बालाघाट।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर परेश उपलप ने जानकारी दी कि 25 जुलाई को आंगनवाड़ी केंद्रों पर पोषण दिवस के साथ जिला चिकित्सालय, समस्त सिविल अस्पताल, प्राथमिक स्वास्थ्य सह आयुष्मान आरोग्य केंद्रों, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों पर प्रधानमंत्री मातृत्व सुरक्षित अभियान के अंतर्गत गर्भवती महिलाओं को सभी जरुरी स्वास्थ्य सेवायें प्रदान की गई।इस दौरान 776 गर्भवती महिलाओं को स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की गई जिसमें चिन्हित 178 उच्च जोखिम वाली महिलाओं कों सेवायें प्रदान की गई एवं 26 महिलाओं की सोनोग्राफी की गई। आंगनवाड़ी केंद्र स्तर पर 423 बच्चों का टीकाकरण किया गया, जिसमें 1 वर्ष आयु के 316 बच्चें तथा 01 वर्ष से ऊपर आयु के 107 बच्चों को टीकाकरण की सेवायें प्रदान की गई।

### 761 मिलीमीटर औसत वर्षा रिकार्ड

**बालाघाट।** चालू वर्षा सत्र के दौरान बालाघाट जिले में 01 जून से 26 जुलाई 2025 तक 761 मिलीमीटर औसत वर्षा रिकार्ड की गई है। जबकि गत वर्ष इसी अवधि में 521 मिलीमीटर वर्षा रिकार्ड की गई थी। जिले की औसत सामान्य वर्षा 1447 मिलीमीटर है। 26 जुलाई को प्रातः 08 बजे समाप्त हुए 24 घंटे के दौरान जिले में 39 मिलीमीटर औसत वर्षा रिकार्ड की गई है।

## 11 लाख के लागत से बनेगी आंगनवाड़ी भवन

### पंचायत में वर्षो से की गई मांग अब जाकर होने जा रही पूरी

**नवभारत, किरनापुर।** ग्राम पंचायत बड़गांव में ग्रामीणों ने कई वर्षों से आंगनवाड़ी भवन निर्माण की मांग की जा रही थी।सरपंच के मांगो लेकर अख़बार ने भी पूर्व मे खबर प्रकाशित की गई थी।

वही 26 जुलाई को आंगनबाड़ी भवन का भूमिपूजन कार्यक्रम रखा गया था।पंचायत बड़गांव के प्रांगण मे ग्यारह लाख 22 हजार रुपये लागत से निर्मित होने वाले आंगनबाड़ी भवन का भूमि पूजन किरनापुर जनपद पंचायत अध्यक्ष राणा सिंह कल्याण हाथो किया गया है। सरपंच कृष्णा परसराम गुरुबेले के जानकारी अनुसार मद राज्य आयोजना महिला एवं बाल विकास से आंगनबाड़ी भवन निर्माण से गांव के छोटे-छोटे बच्चे जिनका माता-पिता के बाद स्कूल ही दूसरा घर है उन्हें यहां अच्छी शिक्षा मिलेगी। आंगनवाड़ी भवन में छोटे-छोटे नन्हे बाल गोपाल अपने शैक्षणिक जीवन की शुरुआत कर पाएंगे व आंगनबाड़ी भवन का निश्चित ही ग्रामीणों को लाभ मिलेगा।

अध्यक्ष राणा सिंह कल्याण द्वारा कहा गया कि मध्य प्रदेश शासन द्वारा आंगनवाड़ी केंद्र बनाये गए है वह जिसमे से 15 आंगनवाड़ी केंद्र मे से छ्भवन खारा, सिवनिकला ,किरनापुर ,नेवरगाव खुर्द ,करियादंड, स्वकृति मिली है ।वही यह आंगनवाड़ी स्कूल है जो छोटे बच्चों को शिक्षा के प्रति भाव पैदा करता है ।तथा शासन का उद्देश्य आगनवाड़ी भवन हि होता है और यह उद्देश्य प्रत्येक् पंचायत को दी गई।

## प्रभारी मंत्री उदय प्रताप सिंह ने की जिले के विकास कार्यों की समीक्षा




**नवभारत, बालाघाट।** मध्य प्रदेश शासन के परिवहन एवं स्कूल शिक्षा मंत्री तथा बालाघाट जिले के प्रभारी मंत्री श्री उदय प्रताप सिंह ने 26 जुलाई को बालाघाट प्रवास के दौरान कलेक्ट्रेट कार्यालय में अधिकारियों की बैठक लेकर जिले के विकास कार्यों की विस्तार से समीक्षा की। बैठक में विधायक श्री गौरव सिंह पारधी, श्री राजकुमार करहि, श्रीमती अनुभा मुंजारे, श्री मधु भगत, श्री विक?की पटेल, पूर्व मंत्री श्री राम किशोर कावरे, कलेक्टर श्री मृणाल मीना, जिला पंचायत अध्यक्ष श्री सम्राट सिंह सरस्वार, नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती भारती ठाकुर, पुलिस अधीक्षक श्री आदित्य मिश्रा, जिला पंचायत सीईओ श्री अभिषेक सराफ एवं सभी विभागों के जिला अधिकारी उपस्थित थे।

**अधिकारी जनप्रतिनिधियों से समन्वय बनाकर कार्य करें**

प्रभारी मंत्री श्री सिंह ने अटल पेंशन योजना, आयुष्मान कॉर्ड योजना, जल गंगा संरक्षण अभियान, मनरेगा, सीएम हे?पलाईन, धरती आबा ग्राम उत?कर्ष अभियान, प्रधानमंत्री जनमन अभियान, स?वरोजगार योजना एवं सामाजिक सुरक्षा योजनाओं में अच?छा कार्य करने के लिए बालाघाट जिला प्रशासन की सराहना की और कहा कि भविष?य में भी इस गति को बनाए रखा जाएगा और जिला सभी योजनाओं में अग्रणी स?थान हासिल करेगा। उन?होंने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि शासकीय योजनाओं में कार्यक्रमों के क्रियान्वयन में जनप्रतिनिधियों को विश?वास में लेकर उनके सुझाव भी शामिल करे। अधिकारी जनप्रतिनिधियों से संवाद एवं सम्पर्क बनाए रखे।

### रसल चौक में मिली निर्वस्त्र लाश

**जबलपुर।** ओमती थाना अंतर्गत रसल चौक शराब दुकान के सामने शुक्रवार को एक बुजुर्ग की निर्वस्त्र लाश पड़ी मिली। मृतक कौन है और कहां का रहने वाला है इसका पता नहीं चल सका हैं पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी हैं। पुलिस के मुताबिक कालू उर्फ प्रेम मूर्ति पिता राजू मूर्ति 18 वर्ष निवासी पुल नं 2 के पास कैंट ने सूचना दी कि शुक्रवार सुबह करीब आठ बजे डोसा की दुकान खोलने रसल चौक आया तो देखा कि बाजू में शराब दुकान के पास एक अज्ञात व्यक्ति उम्र करीबन 60 वर्ष का शव पड़ा था। जिसके शरीर पर कपड़े नहीं थे।

## अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने ज्ञापन सौंपा




**नवभारत, बालाघाट।** प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस, शासकीय जटाशंकर त्रिवेदी स्नातकोत्तर महाविद्यालय, बालाघाट में छात्रावास की अनिवार्यता को दृष्टिगत रखते हुए, छात्रावास भवन को किसी अन्य संस्था अथवा प्रयोजन हेतु आवंटन के आदेश को निरस्त किए जाने की मांग को लेकर प्रभारी मंत्री श्री उदय प्रताप सिंह जी को अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद, बालाघाट द्वारा ज्ञापन सौंपा गया।

उक्त छात्रावास में ऐसे विद्यार्थी निवास करते हैं, जो सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों से आकर महाविद्यालय में शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं, जो आर्थिक रूप से निजी छात्रावास में रहने में असमर्थ हैं। ऐसे में यदि छात्रावास का उपयोग छात्रहित से हटकर अन्य उद्देश्य हेतु किया जाता है, तो यह इन विद्यार्थियों के भविष्य के साथ अन्याय होगा। अतः छात्रहित में छात्रावास भवन को यथावत बनाए रखने की मांग की गई।

## वारासिवनी, कटंगी, तिरोडी के रेल विकास की कौन लेगा सुध, सांसद जी ये क्षेत्र भी बालाघाट लोकसभा में आते है..!



**नवभारत, कटंगी।** बालाघाट/सिवनी लोकसभा क्षेत्र की सांसद भारती पारधी ने संसद के मानसून सत्र के दौरान मंगलवार 22 जुलाई को केंद्रीय रेल मंत्री अश्वनी वैष्णव से मुलाकात की। संसदीय क्षेत्र में रेल सेवाओं के विस्तार के लिए मांग पत्र सौंपा। ये सांसद भारती पारधी जी की रेल मंत्री से दिल्ली प्रवास के दौरान ओपचारिक रूप से सदन की कार्यवाही के दौरान चोथी मुलाक़ात थी, उन्होंने संसदीय छेत्र बालाघाट सिवनी के बालाघाट की विभिन्न माँगो को रेल मंत्री के समक्ष अपने माँग पत्र के माध्यम से रखा, सांसद पारधी ने रेलमंत्री वैष्णव को जबलपुर-रायपुर के मध्य प्रस्तावित इंटरसिटी ट्रेन को तुरंत शुरू करने। ट्रेन का प्रायोगिक स्टॉपेज लामता तथा हट्टा में किए जाने। गाड़ी संख्या 22173/22174 जबलपुर तथा चांदाफोर्ट इंटरसिटी एक्सप्रेस का स्टॉपेज लामता स्टेशन पर करने एवं गाड़ी संख्या 19343/19344 पेंचवेली एक्सप्रेस 20423/20424 पातालकोट एक्सप्रेस का विस्तार वाह्या बालाघाट स्टेशन गोंदिया तक करने की मांग की।

अपने माँग पत्र में सांसद पारधी द्वारा छिन्दवाड़ा, नैनपुर जैसे बड़े स्टेशनो ओर अन्य पड़ोसी संसदीय छेत्रो की कॉनेटिविटी की चिंता की गयी है, ओर उन्हें ट्रेन के माध्यम से गोंदिया से कॉनेटिविटी प्रदान करने की माँग रेल मंत्री के समक्ष रखी है, जबकि छिन्दवाड़ा स्वतः ही एक संसदीय छेत्र है ओर वहाँ से भाजपा से वर्तमान में विवेक बँटी साहू सांसद है ओर नैनपुर मंडला लोकसभा छेत्र अंतर्गत आता है ओर वहाँ से भी भाजपा के फग्गन सिंह कुलसते सांसद है इसके अतिरिक्त ये बड़े स्टेशन है जहां से वर्तमान में निम्न महनगरो की ट्रेन से सीधी कॉनेटिविटी प्राप्त है ओर डेली ट्रेन यह से जबलपुर, नागपुर, भोपाल, इंदौर, दिल्ली के लिए परिचालित हो रही है।

केंद्र सरकार की अति महत्वकांक्षि योजना अमृत भारत स्टेशन योजना में वारासिवनी, कटंगी, तिरोडी को शामिल करने के लिए पूर्व सांसद ने ना प्रयास किए ना पत्र लिखे, ना ही सदन में इस विषय को उठाए, इसके अतिरिक्त रिवा इतवारी व्हया बालाघाट, गोंदिया को हफ़्ते के 4 दिन व्हया नैनपुर, सिवनी, छिन्दवाड़ा चलवा लिए, ओर नागपुर शहडोल डेली एक्सप्रेस व्हया छिन्दवाड़ा, सिवनी, नैनपुर, के वक्त उसी बालाघाट को भूल गए थे, बालाघाट, वारासिवनी,



कटंगी रेल खंड का आमन परिवर्तन हुए 15 साल हो गए है, ओर तब से लेके अब तक ये तहसील क्षेत्रों की जनता ओर इन स्टेशनो से यात्रा करने वाले यात्री गोंदिया स्टेशन पर ही निर्भर है, जहाँ तक ट्रेन से पहुँचना भी अब कठिन हो गया है, 2021 में कटंगी तिरोडी रेल खंड के निर्माण के बाद जागी थी, उम्मीद महानगरों से ट्रेन के माध्यम से सिंधी कॉनेटिविटी की उम्मीद पूर्व सांसद के उदासीन रवैये की वजह से नही चल पाई एक्सप्रेस ट्रेन, बालाघाट तुमसर रेल खंड के हक़ की ट्रेनों को व्हया छिन्दवाड़ा, सिवनी, नैनपुर हो कर चलवा लिए, ओर वारासिवनी, कटंगी, तिरोडी, इन स्टेशनो को।

### पतंग निकालने चलाए पत्थर लगने से गई थी मासूम की जान


**जबलपुर।** अधारताल थाना क्षेत्र में 2023 में बिजली तार पर लटकी पतंग निकलाने चलाया गया पत्थर लगने से एक नौ साल का मासूम घायल हो गया था जिसकी पिछले साल इलाज के दौरान मेडिकल में मौत हो गई थी। मर्ग जांच के बाद पत्थर चलाने वाले के खिलाफ अब पुलिस ने गैर इरादतन हत्या का प्रकरण दर्ज कर लिया हैं। पुलिस के मुताबिक 17 दिसम्बर 2023 को करीब शाम 4 बजे सिध्दार्थ बर्मन पिता कमलेश बर्मन 7 वर्ष निवासी सीओडी कालोनी महाराजपुर, सूर्या, एवं मोहल्ल के लड़के संभव, अंशु, नन्दु, ढोलु एंव यश लोग तिन आमा के पास लगे के टावर के पास खेल रहे थे वही पर एक पतंग बिजली के तार पर अटकी थी तब संभव पत्थर मारकर उस पतंग को निकाल रहा था और सिद्धार्थ एवं अन्य बच्चे वहीं पास में खेल रहे थे, तब संभव ने एक पत्थर पंतग निकालने के लिय पंतग को मारा जो पंतग को न लगकर निचे खेल रहे सिद्धार्थ को सिर पर लग गया था।

**बाल-बाल बचे मजदूर, बरेला में सच्चाई छिपाने ग्रामीणों को भगाया गया**

# जब अचानक पुल का हिस्सा धंस गया...

**नवभारत,जबलपुर।** बरेला नहर पर बनाया जा रहा निर्माणाधीन पुल का आधे से ज्यादा हिस्सा शुक्रवार दोपहर करीब 3 बजे अचानक धंसकर नीचे गिर गया। हादसा उस वक्त हुआ जब श्रमिक पुल के हिस्से में क्रांकीट डाल रहे थे तभी सेंट्रिंग के धंसते ही पूरा स्ट्रक्चर हिल गया। गनीमत रही कि हादसे में कोई मजदूर घायल नहीं हुआ। हादसे के बाद इस घटनाक्रम को जिम्मेदारों द्वारा छिपाने की बहुत कोशिश की गई।

नौबत यह तक आ गई कि क्षेत्रीय ग्रामीणों को ठेकेदार व उसके कुछ लोगों द्वारा वहां से भगाया गया जिससे कोई ग्रामीण मोबाईल में वीडियो न बना ले। जानकारी के अनुसार दुर्घटनाग्रस्त पुल भारत माला प्रोजेक्ट के तहत जबलपुर रिंग रोड का हिस्सा है। यह प्रोजेक्ट केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्रालय की महत्वपूर्ण योजना भी है, जिसमें जबलपुर में बायपास निर्माण के लिए कई



हिस्सों में पुल और सड़कें बनाई जा रहीं हैं। यानि स्पष्ट है कि नेशनल हाईवे कंस्ट्रक्शन के चलते पुल का निर्माण कार्य चल रहा था।

**बारिश में मिट्टी की पकड़ हुई कमजोर**

जहां हादसा हुआ वहां के पास के ग्रामीणों का कहना था कि पिछले कुछ दिनों से बरेला में जोरदार बारिश हो रही है और निर्माणाधीन पुल में मिट्टी की पकड़ कमजोर होती जा रही है। शुक्रवार को जब मजदूरों द्वारा भारी मात्रा में क्रांकीट डाला गया जिसके बाद पुल का हिस्सा धंस गया। ग्रामीणों ने निर्माण में घटिया सामग्री और लापरवाही का भी आरोप लगाया है।

### डेम में डूबने से युवक की मौत

**जबलपुर।** कुंडम थाना अंतर्गत ग्राम सरोली में डेम डूबने से एक युवक की मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि अंकित उद्दे 21 वर्ष निवासी ग्राम सरोली ने सूचना दी कि उसके चाचा देव सिंह उद्दे 35 वर्ष सरोली डेम में नहाने के लिये गये थे जो नहाते समय गहरे पानी डूब गये है।

**न्यायालय नायब तहसीलदार किरनापुर, जिला बालाघाट म.प्र.**

रा.प्र.क्र./0010/ड-154/ वर्ष 2025-26, साकिन-बूढ़ी प.ह.नं. 23 रा. नि. मं. माटे तहसील किरनापुर

**समाचार पत्र प्रकाशन**

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक **पीतमदास पिता तिलकदास जाति बैरागी निवासी ग्राम बूढ़ी** तहसील किरनापुर जिला बालाघाट म.प्र. द्वारा अपने **पिताजी तिलकदास पिता पुरनदास** की मृत्यु दिनांक 24/04/1994 को मृत्यु हो जाने से मृत्यु के 1 वर्ष पश्चात पंजीयन की अनुमति मिलने हेतु लोकसेवा केन्द्र किरनापुर के माध्यम से आवेदन पत्र न्यायालय में प्रस्तुत किया है। अतः उक्त के संबंध में हित रखने वाले सभी व्यक्तियों को सूचित किया जाता है, कि वे निश्चित दिनांक 01 / 08 / 2025 को या तो स्वयं किसी अभिभाषक अथवा प्रतिनिधी द्वारा उपस्थित होकर कोई आपत्ति हो तो प्रस्तुत करें। नियत दिनांक के बाद प्रस्तुत आपत्तियों पर कोई विचार नही किया जावेगा। नियत दिनांक के पश्चात प्रस्तुत आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जायेंगा। आज दिनांक 17/07/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर के अधीन जारी किया गया।

न्यायालय की मुद्रा

**नायब तहसीलदार, किरनापुर**